एक नजर में

बेटी से छेड़छाड़, पिता के विरोध पर सरेराह पीटकर किया बेदम

गजरौला (अमरोहा) : मिशन शक्ति जैसे महिला सुरक्षा के तमाम दावों के बीच गजरौला में शोहदों ने जमकर दबंगई दिखाई। पहले एक गांव की ही युवती से सरेराह अश्लीलता की। पिता ने विरोध किया तो उन्हें सड़क पर दौड़ाकर लात-घूंसों और बेल्टों से पीटकर बेदम कर दिया। घटना के बाद से आरोपित प्रमोद व सुभाष फरार हैं। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने कहा आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। वारदात सोमवार शाम की है। प्राथमिकी हुई है। जासं

कर दिया गलत इलाज, कोर्ट ने दिया मुकदमा करने का आदेश

बदायूं : अपने को डाक्टर बताने वाले एक व्यक्ति ने हाइड्रोसील का उपचार करने के नाम पर एक लाख रुपये ठग लिए। उपचार के बाद मरीज की हालत और बिगड़ी तो उसने अपना रुपया वापस मांगा। इस पर उसे धमकाया गया। थाने पहुंचा तो उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। अब कोर्ट ने मुकदमा दर्ज करके विवेचना का आदेश दिया है। पीड़ित नीरज कुमार ने सीजेएम कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 10 अप्रैल 2026 को सुनील वर्मा उसकी दुकान पर आए खुद को हाइड्रोसील का विशेषज्ञ बताया। हरदोई में इलाज किया। जासं

मेला देखने जा रहे बरेली के युवक की मृत्यु, दो जिला अस्पताल रेफर

घायल आपस में चचेरे-तहेरे भाई बिलारी स्टेट हाईवे पर हादसा

संस, जागरण ● शाहबाद (रामपुर) : सैफनी में लगने वाले प्रसिद्ध भूड़ा मेला देखने आ रहे बरेली के युवकों के साथ बिलारी स्टेट हाईवे पर हादसा हो गया। उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। हादसे में एक युवक की सिर कटने से मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर सवार रिश्ते के दो चाचा जख्मी हो गए। घायल आपस में चचेरे-तहेरे भाई बताए गए हैं। दोनों घायलों की हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

मंगलवार रात बरेली के सिरौली थाना के गांव पिपलिया वीरपुर निवासी सोनू (25 वर्ष) पुत्र संतोष गांव के ही 20 वर्षीय लालू पुत्र दलवीर और 17 वर्षीय अजय पुत्र लक्ष्मीनारायण के साथ मेला देखने सैफनी जा रहे थे। रास्ते में शाहबाद-बिलारी स्टेट हाईवे पर राणा शुगर मिल करीमगंज के समीप उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। हादसा इतना भीषण था कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सोनू का सिर बीच से दो टुकड़ों में कट गया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। जबकि लालू और अजय बुरी तरह जख्मी हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव और घायलों को सीएचसी पहुंचाया। पुलिस की सूचना पर स्वजन भी सीएचसी पहुंच गए। क्राइम इंस्पेक्टर जयप्रकाश ने बताया कि घायल लालू की हालत गंभीर बनी हुई है।



शाहबाद सीएचसी में बेहोश हुए मृतक के स्वजन को संभालते लोग ● जागरण

सैफनी में लगने वाले प्रसिद्ध भूड़ा मेला देखने जा रहे थे सभी, हादसे में वाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त

हेलमेट होता तो शायद बच सकती थी जान

हादसे के समय बाइक सवार तीनों युवकों ने हेलमेट नहीं लगा रखा था। अज्ञात वाहन की टक्कर के बाद सोनू के सिर में गंभीर चोट लगी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, लालू और अजय भी गंभीर रूप से घायल हो गए। लालू के भी सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें हैं। हादसा एक बार फिर सड़क पर दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट की अनिवार्यता और लापरवाही के खतरनाक परिणामों की ओर इशारा करता है।

अगले महीने दीवाली पर होनी थी सोनू की शादी

स्वजन ने बताया कि अगले महीने दीवाली पर सोनू की शादी होनी थी। उसका रिश्ता सैफनी के गांव छितौनी से तय हुआ था। सोनू परिवार के साथ दिल्ली में रहता है और वहां मोटर मैकेनिक का काम करता था। उसके ससुराल के लोगों ने अपने क्षेत्र का प्रसिद्ध और परंपरागत मेला देखने के लिए उसे बुलाया था।

पीलीभीत में जीवित बुजुर्ग को कागज में दर्शाया मृत वीडीओ निलंबित

जासं, पीलीभीत : वृद्धावस्था पेंशन के सहारे जीवन गुजार रहे बीरबल हैरान थे। कागज पर ग्राम विकास अधिकारी (वीडीओ) ने बिना सत्यापन के उन्हें मृत दर्शाकर वृद्धावस्था पेंशन बंद कर दी थी। यह जानकारी भी उन्हें तब हुई जब वे अपनी बंद पेंशन चालू करने की गुहार लगाने कलक्ट्रेट पहुंचे। डीएम ने मामले की जांच कराई और दोषी पाये जाने पर वीडीओ को निलंबित कर दिया। बीरबल की पेंशन जारी करने का भी आदेश दिया।

पुरवा भूड़ा गांव निवासी 74 वर्षीय बीरबल वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थी हैं। हाल में हुए पेंशन सत्यापन के दौरान उन्हें मृत दर्शा दिया गया। बुजुर्ग ने कलक्ट्रेट पहुंचकर जनसुनवाई में अपनी व्यथा डीएम को सुनाई। डीएम ने प्रकरण की जांच के निर्देश दिए। जांच में सामने आया कि ग्राम विकास अधिकारी पवन पटेल ने सत्यापन के दौरान लाभार्थी को मृत दर्शाया था। वीडीओ ने अपनी सफाई में बताया कि पंचायत सहायक और प्रधान पुत्र से मिली जानकारी के आधार पर उसने लाभार्थी को मृत दर्शा दिया था और स्वयं भौतिक सत्यापन नहीं किया। डीएम आलोक कुमार ने वीडीओ को निलंबित करने के साथ ही सभी अधिकारियों को बुजुर्गों को इस तरह की परेशान न होने देने के लिए चेतावनी दी है।

143 पेशियों में 86 गवाह, 31 की गवाही पूरी

खीरी हिंसा

- सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद सुनवाई में आई तेजी, क्रास केस बहस के मुहाने पर
- मुख्य मुकदमे में अभी जारी है गवाही-जिरह, दोनों मुकदमों की आज होगी सुनवाई

संवादसूत्र, जागरण, लखीमपुर: चर्चित खीरी हिंसा के मुकदमे की सुनवाई अब निर्णायक दौर की ओर बढ़ रही है। सुप्रीम कोर्ट तक मामला पहुंचने और सुनवाई को लेकर हुई टिप्पणी के बाद अदालत में कार्यवाही की रफ्तार बढ़ी है। मुख्य मुकदमे में 143 पेशियों के दौरान अभियोजन पक्ष 86 गवाह पेश कर चुका है, जबकि क्रास केस में 136 पेशियों पर 31 गवाहों की गवाही पूरी हो चुकी है। क्रास केस अब अंतिम चरण में पहुंचकर बहस के लिए नियत है। दोनों मुकदमों का फैसला साथ आने की संभावना के चलते मुख्य मुकदमे की सुनवाई पर भी निगाहें टिकी हैं। बुधवार को दोनों मुकदमों की सुनवाई जिला जज की अदालत में होगी।

तीन अक्टूबर 2021 को तिकुनिया क्षेत्र में हुई खीरी हिंसा में चार किसानों, तीन भाजपा कार्यकर्ताओं और एक पत्रकार की हत्या हुई थी। मामले में बहराइच जिले के नानपारा निवासी जगजीत सिंह की तहरीर पर हत्या, बलवा और आगजनी के आरोप में तिकुनिया थाने में मुख्य मुकदमा दर्ज हुआ था। एसआईटी ने विवेचना के बाद आशीष मिश्रा समेत 14 आरोपितों के खिलाफ तीन जनवरी 2022 को आरोप पत्र दाखिल किया था। करीब पांच हजार पन्नों के आरोप पत्र में 208 गवाह बनाए गए थे।

मुख्य मुकदमे में अभी बाकी है लंबी प्रक्रिया : मुख्य मुकदमे में अभियोजन पक्ष 143 पेशियों में 86 गवाहों की गवाही करा चुका है। गवाहों से बचाव पक्ष की जिरह भी लगातार चल रही है। आरोप पत्र में 208 गवाह होने के कारण अभियोजन की ओर से अभी और गवाह पेश किए जाने की संभावना है। ऐसे में मुख्य मुकदमे की सुनवाई का निर्णायक पड़ाव अभी बाकी है।

उधर, क्रास केस में 136 पेशियों के दौरान 31 गवाहों की गवाही पूरी हो चुकी है। अब मामला अंतिम बहस की ओर बढ़ रहा है। क्रास केस के फैसले को मुख्य मुकदमे से जोड़कर देखा जा रहा है। दोनों मुकदमों में घटनाक्रम आपस में जुड़ा होने के कारण इनके फैसले साथ आने की संभावना है। सुप्रीम कोर्ट में मामला पहुंचने के बाद खीरी हिंसा की सुनवाई की रफ्तार को लेकर लगातार नजर बनी हुई है। चार साल बाद भी मुकदमे की कार्यवाही जारी रहने के बीच अब क्रास केस के बहस के चरण में पहुंचने से मुख्य मुकदमे के आगे बढ़ने की उम्मीद भी बढ़ी है।

क्रास केस में 87 गवाह, 1300 पन्नों का आरोप पत्र

घटना से जुड़ा दूसरा मुकदमा सुमित जायसवाल की तहरीर पर हत्या, आगजनी और बलवा के आरोप में दर्ज हुआ था। एसआईटी ने इस मामले में चार आरोपितों के खिलाफ 21 जनवरी 2022 को करीब 1300 पन्नों का आरोप पत्र दाखिल किया था। इसमें 87 गवाह बनाए गए थे। जिला एवं सत्र न्यायालय में परीक्षण शुरू होने के बाद दोनों मुकदमों की सुनवाई आगे बढ़ती रही।

खेत जोतते रोटावेटर में फंसा किसान मृत्यु

जासं, बदायूं : एक किसान की सोमवार रात रोटावेटर में फंसकर मृत्यु हो गई। हादसा खेत की जोताई के दौरान हुआ। 35 वर्षीय किसान छत्रपाल ट्रैक्टर से गिर गया था। संभल के गांव मिठनपुर निवासी छत्रपाल अपने मौसेरे भाई हेमपाल के साथ ट्रैक्टर लेकर सोमवार रात गांव भीमपुर दोस्तपुर में खेत की जोताई करने गया था। दोनों लोग रोटावेटर से जोताई कर रहे थे। छत्रपाल ट्रैक्टर पर बैठे थे। बताया जा रहा है कि जोताई करते-करते छत्रपाल अचानक नीचे गिर गए और रोटावेटर की चपेट में आ गए। मौके पर ही जान चली गई।

जौहर ट्रस्ट मामले में विधायक से सात घंटे पूछताछ

- जौहर यूनिवर्सिटी में लिए जाने वाले निर्णयों में उनकी भूमिका को लेकर ईडी ने पूछे कई सवाल
- शत्रु संपत्ति हड़पने के मामले में भी दर्ज किया गया है मुकदमा, चल रही है जांच

राज्य ब्यूरो, जागरण ● लखनऊ : पूर्व मंत्री आजम खां और उनके परिवार के जौहर ट्रस्ट से जुड़े मामले की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच अब ट्रस्ट से जुड़े करीबी राजनेताओं तक पहुंच गई है। ईडी ने मंगलवार को रामपुर की चमरौवा विधान सभा सीट से समाजवादी पार्टी के विधायक नसीर अहमद खां से करीब सात घंटे तक पूछताछ की। नसीर जौहर ट्रस्ट के संयुक्त सचिव रह चुके हैं। इसी भूमिका को लेकर ईडी ने समन भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया था।

सूत्रों के अनुसार, पूछताछ के दौरान अधिकारियों ने ट्रस्ट के महत्वपूर्ण निर्णयों में नसीर की भूमिका, ट्रस्ट के लिए दान जुटाने और जौहर यूनिवर्सिटी के निर्माण से जुड़े मामलों को लेकर सवाल किए। शत्रु संपत्ति से जुड़े प्रकरण में भी उनकी भूमिका को लेकर जानकारी ली गई। ईडी को आशंका है कि ट्रस्ट के कई महत्वपूर्ण निर्णयों में नसीर की भूमिका रही हो सकती है। हालांकि, पूछताछ में नसीर ने ट्रस्ट के कामकाज में अपनी सक्रिय भूमिका से इन्कार किया। कई सवालों के जवाब भी उन्होंने देने से परहेज किया।

ईडी ने नसीर को ट्रस्ट के संयुक्त सचिव के रूप में उनकी नियुक्ति और भूमिका से संबंधित दस्तावेजों के साथ दोबारा पूछताछ के लिए उपस्थित होने को कहा है। इससे संकेत हैं कि एजेंसी इस मामले में उनकी भूमिका की और पड़ताल कर सकती है।

नसीर अहमद पहले से ही आयकर विभाग की जांच के दायरे में रहे हैं। जौहर ट्रस्ट से जुड़े मामलों की जांच के दौरान आयकर विभाग ने उनके ठिकानों पर भी छापेमारी की थी। इसके अलावा आजम खां के साथ शत्रु संपत्ति हड़पने के मामले में भी उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज है। इस प्रकरण में अंतरिम जमानत की अवधि समाप्त होने के बाद उन्हें अदालत में सरेंडर करना पड़ा था। पुलिस ने आजम खां, उनकी पत्नी तजीन फात्मा, दोनों बेटों अदीब और अब्दुल्ला आजम, बहन निखत अखलाक और नसीर अहमद समेत सात आरोपितों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था। ईडी अब ट्रस्टी शहरयार खां से भी पूछताछ की तैयारी कर रही है।

संभल में पूर्व मंत्री जयराम रमेश की आपत्तिजनक टिप्पणी प्रकरण में जांच के आदेश

जासं, संभल : पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस नेता जयराम रमेश के हिंदू देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में सिविल जज सीनियर डिवीजन आदित्य कुमार सिंह ने पुलिस को जांच के आदेश दिए हैं।

हिंदू शक्ति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिमरन गुप्ता ने 10 सितंबर को चंदौसी न्यायालय में परिवाद दाखिल किया। इसमें बताया कि दो जुलाई 2026 की शाम वह घर पर टेलीविजन देख रहे थे। इसी दौरान जयराम रमेश ने सनातन धर्म के आराध्य भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश की तुलना जवाहरलाल नेहरू, महात्मा गांधी और मुहम्मद अली जिन्ना से की। इससे करोड़ों सनातनियों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने बहजोई कोतवाली में शिकायत दर्ज कराने का प्रयास किया, लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

मुरादाबाद में पुलिस भर्ती दौड़ में गश खाकर गिरे छह अभ्यर्थी

जासं, मुरादाबाद : यूपी पुलिस भर्ती बोर्ड की ओर से आयोजित सिपाही भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा (दौड़) कांठ रोड स्थित नौवीं वाहिनी पीएसी ग्राउंड में जारी है। मंगलवार को परीक्षा के तीसरे दिन 874 अभ्यर्थियों को दौड़ में शामिल होने के लिए बुलाया गया था। इनमें 848 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 21 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। पांच अभ्यर्थियों ने प्रार्थनापत्र देकर उपस्थित होने में असमर्थता जताई। इन अभ्यर्थियों को परीक्षा के लिए अगली तिथि दी गई है। दौड़ते समय छह अभ्यर्थी गश खाकर गिर गए। पुलिस भर्ती की नोडल अधिकारी एवं एसपी ट्रैफिक रचना मिश्रा ने बताया कि दौड़ में शामिल 848 अभ्यर्थियों में से 746 ने निर्धारित समय में 4800 मीटर की दौड़ पूरी कर सफलता हासिल की। वहीं 92 अभ्यर्थी तय 25 मिनट में निर्धारित दूरी पूरी नहीं कर सके।

मुस्लिम महिला बोली- मुझे कुछ हो तो मंदिर को दें संपत्ति

जासं, संभल : सरायतरीन में मकान पर कब्जे को लेकर चल रहा विवाद इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो के बाद चर्चा में है। लुबना खान ने जेठ के बेटों सलाउद्दीन और मोहसिन पर मकान खाली करने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। महिला ने वीडियो में कहा कि उसे कुछ होने पर मकान श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर के नाम कर दें। वहीं सलादउद्दीन व मोहसिन ने संपत्ति वक्फ में दर्ज होने और महिला पर फर्जीवाड़े में पूर्व में प्राथमिकी दर्ज होने की बात कही है। एसपी सिटी विकास चंद्र ने बताया कि प्रकरण की जांच कराई जा रही है। लुबना के अनुसार, उनके पति नफीसउद्दीन का 29 सितंबर 2024 को निधन हो चुका है। उनकी कोई संतान नहीं है। दावा है कि जिस मकान में वह रह रही, वह पति के नाम था। पति की मौत के बाद उसने नियमतः चार माह इद्दत की, जिससे मकान पर उसका मालिकाना हक है।

पीलीभीत में कुत्ते के काटने के 13वें दिन हो गई बच्चे की मौत

जासं, पीलीभीत : आवारा आतंक ने बालेश्वर के कलेजे के टुकड़े को उनसे छीन लिया।। कुत्ते के काटने की वजह से उनके बेटे की मृत्यु हो गई। बीसलपुर के ग्राम आदिलाबाद निवासी बालेश्वर कश्यप के आठ वर्षीय पुत्र सोनू को 24 सितंबर को घर के बाहर खेलते समय कुत्ते ने काट लिया था। कुत्ते ने सोनू के हाथ में काटा था, लेकिन वर्ष होने की वजह से तीन दिन तक रैबीज का इंजेक्शन नहीं लगवा सके। सोनू की तबीयत खराब होने पर पांचवें दिन अस्पताल ले गए, जहां सुधार न होने पर पीलीभीत के जिला अस्पताल में रेफर किया गया। यहां भी सुधार न हुआ तो एक प्राइवेट चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां मंगलवार को उपचार के दौरान ही सोनू की मृत्यु हो गई। बीसलपुर क्षेत्र में अगस्त 2025 से अक्टूबर 2026 तक कुत्ता काटने से पांच लोगों की मौत हो चुकी है।

चेन छीनने के आरोपित से मुठभेड़ पैर में गोली मार किया गिरफ्तार

जासं, शाहजहांपुर: चेन छीनने के आरोपित को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे पैर में गोली मारी। एक नाबालिग आरोपित को भी हिरासत में लिया गया है। सोमवार को एनसीसी तिराहे के पास एक श्रीप्रकाश नाम के व्यक्ति से दो लोग ने सोने की चेन खींच ली थी। सदर पुलिस को सूचना दी थी।

पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिसमें दो संदिग्ध लोग दिखाई दिए। फुटेज के आधार पर यक्ष एप से मदद ली गई, जिससे बूचड़ी कैंट निवासी प्रेमपाल की पहचान हुई। प्रेमपाल पर शराब बिक्री समेत कई मामले पहले से दर्ज हैं, जिससे उसका पूरा रिकार्ड पुलिस के पास था। पुलिस ने जानकारी जुटाई और पता चला कि प्रेमपाल ने एक नाबालिग के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था। नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने घटना को स्वीकार कर लिया। उसके पास से आधी चेन भी बरामद हुई। देर रात कैंट के पास प्रेमपाल पंजाब जाने की फिराक में था, तभी उसने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में प्रेमपाल के बाएं पैर में गोली लग गई और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। पुलिस ने उसके पास से आधी चेन भी बरामद की।



पुलिस की गिरफ्त में मुठभेड़ का आरोपित ● सौ. पुलिस विभाग

कार्यालय ग्राम पंचायत भगतपुर, वि.खं.-बिसौली (बदायूँ)

निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भगतपुर में वर्ष 2026-27 में राज्य वित्त/पंद्रहवां वित्त आयोग के अंतर्गत निर्माण/मरम्मत कार्य हेतु ईंट/रेता व सीमेंट/ईंट की रोड़ी/बजरपफुट/बजरी/पत्थर व अन्य सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति फर्म सप्ताई सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय भगतपुर में दिनांक 06.10.2026 से 08.10.2026 की दोपहर 02:00 बजे तक आमंत्रित की जायेगी। फर्म को वाणिज्य कर कार्यालय में रजिस्टर्ड होना चाहिये। बिना कारण बताये निविदा स्वीकार व निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी कर्ताओं को निहित है।

क्र.सं.	कार्य का नाम	मात्रा	कार्य की अनु.लागत
1	सामुदायिक शौचालय मरम्मत कार्य।	01 नग	166132/-
2	पंचायत घर मरम्मत व रंगाई पुताई कार्य।	01 नग	227893/-

सकुम सिंह, प्रशासक — उदयवीर सिंह, सचिव

कार्यालय जिला पंचायत, बरेली।

पत्रांक: 116/नि.अनु./2026-27 दिनांक: 06 अक्टूबर, 2026

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

जिला पंचायत, बरेली में वर्ष 2026-27 के लिये पंजीकृत समस्त ठेकदारों सहित प्रदेश की अन्य जिला पंचायतों, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश व सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश में पंजीकृत ठेकेदारों के मध्य पंचम राज्य वित्त आयोग एवं जिलानिधि के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनओं हेतु ई-निविदा निम्न शर्तों के अधीन प्रकाशित की जाती है।

क्र. सं.	सूचना का प्रकार	विवरण
1	समाचार पत्रों में निविदा सूचना के जारी करने की तिथि	07.10.2026
2	ई- टेंडर वेबसाइट https://etender-up-nic-in पर निविदा प्रकाशित करने की तिथि	09.10.2026 सायं 05.00 बजे से
3	वेबसाइट पर निविदा डाउनलोड/अपलोड प्रारंभ करने की तिथि	09.10.2026 सायं 05.00 बजे से
4	वेबसाइट पर निविदा डाउनलोड/अपलोड करने की अंतिम तिथि	15.10.2026 की सायं 05..00 बजे तक
5	तकनीकी निविदा का मूल्यांकन (Technical Bid Evaluation)	16.10.2026 को प्रातः 11.00 बजे
6	वित्तीय निविदा का मूल्यांकन (Financial Bid Evaluation)	तकनीकी निविदा खोले जाने के पश्चात
7	निविदा के लिए आवश्यक मूल अभिलेख जमा करने की अंतिम तिथि	तकनीकी निविदा खोले जाने के पश्चात

नोट-निविदाओं से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए कार्यालय दिवस में कार्यालय जिला पंचायत अथवा अभियंता जिला पंचायत से मोबाइल नंबर-8630701062 पर संपर्क किया जा सकता है।

मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, बरेली

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

मुख्य शाखा पीलीभीत, कोकरा बिल्डिंग पुरानागंज जिला. पीलीभीत-262001 (उ.प्र.) भारत
Ph. : 8477009742, 8477001112 E-mail: pilibh@bankofbaroda.com

अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना
परिशिष्ट - IV-A, [नियम 6 (2) एवं 8 (6) का प्रावधान देखें,

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 साथ में पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 6 (2) एवं 8 (6) के प्रावधान के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना।

एतदद्वारा आम नागरिकों को तथा विशेष रूप से ऋणी (ओ), बंधकदाता (ओं) और प्रतिभूतिदाता (ओ) को सूचना दी जाती है कि प्रतिभूति लेनदार के यहां बंधक / प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति का सांकेतिक कब्जा बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी प्रतिभूत लेनदार ने ले लिया है जिसे निम्नवर्णित खाता / तो में शेष धनराशि की वसूली हेतु सम्पत्ति को दिनांक 12.11.2026 को **"जैसा है जहाँ है"**, **"जैसा है जो है"**, तथा **"वहाँ जो कुछ भी है"** के आधार पर विक्रय किया जायेगा। कर्जदारों / बंधकदाताओं / प्रतिभूतिदाताओं / प्रतिभूत आस्तियों / शेष धनराशि / आरक्षित मूल्य ई-नीलामी की तिथि एवं समय ई. एम. डी. और बोली वृद्धि राशि के विवरण निम्नलिखित है :-

क्र. / लॉट सं.	ऋणियों / जमानतकताओं / बंधकदाताओं के नाम एवं पते	अचल संपत्ति का विवरण, जिसमें ज्ञात भार शामिल हों, यदि कोई हों	कुल बकाया	ई-नीलामी की तिथि एवं समय	आरक्षित राशि / बयाना राशि / बोली वृद्धि राशि	कब्जा स्थिति (प्रतिकात्मक / भौतिक)	सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि व समय
1.	उधारकर्ता : मैसर्स प्रभात इंडस्ट्रीज ने अपने पार्टनर्स के माध्यम से : 1. श्री आलोक चंद्र अग्रवाल 2. श्री पंकज कुमार अग्रवाल पुत्र श्री रमेश चंद्र अग्रवाल पता : एकता सरोवर के पास, पीलीभीत, उत्तर प्रदेश 262001 पार्टनर 1 : श्री आलोक चंद्र अग्रवाल पुत्र श्री रमेश चंद्र अग्रवाल पता : मोहल्ला साहूकारा पीलीभीत उत्तर प्रदेश 262001 पार्टनर 2 : स्वर्गीय श्री पंकज कुमार अग्रवाल पुत्र श्री रमेश चंद्र अग्रवाल स्वर्गीय श्री पंकज कुमार अग्रवाल के कानूनी वारिस 1. श्रीमती आरती अग्रवाल पत्नी स्वर्गीय श्री पंकज कुमार अग्रवाल 2. श्री प्रतीक ऐरन पुत्र स्वर्गीय श्री पंकज कुमार अग्रवाल 3. श्री समर्थ ऐरन पुत्र स्वर्गीय श्री पंकज कुमार अग्रवाल पता : मोहल्ला साहूकारा पीलीभीत उत्तर प्रदेश 262001 जमानती 1 : श्री आलोक चंद्र अग्रवाल पुत्र श्री रमेश चन्द्र अग्रवाल पता : मोहल्ला साहूकारा पीलीभीत उत्तर प्रदेश 262001 जमानती 2 : स्व. श्री पंकज कुमार अग्रवाल पुत्र श्री रमेश चन्द्र अग्रवाल स्वर्गीय श्री पंकज कुमार अग्रवाल के कानूनी वारिस 1. श्रीमती आरती अग्रवाल पत्नी श्री पंकज कुमार अग्रवाल 2 : श्री प्रतीक ऐरन पुत्र स्वर्गीय श्री पंकज कुमार अग्रवाल 3 : श्री समर्थ ऐरन पुत्र स्वर्गीय श्री पंकज कुमार अग्रवाल पता : मोहल्ला साहूकारा पीलीभीत उत्तर प्रदेश 262001 जमानती 3 : श्रीमती कंचन अग्रवाल पत्नी श्री आलोक चंद्र अग्रवाल पता : मोहल्ला साहूकारा पीलीभीत उत्तर प्रदेश 262001 जमानती 4 : श्रीमती आरती अग्रवाल पत्नी श्री पंकज अग्रवाल पता : मोहल्ला साहूकारा पीलीभीत उत्तर प्रदेश 262001 जमानती 5 : श्री सक्षम अग्रवाल पुत्र श्री आलोक चंद्र अग्रवाल पता : मोहल्ला साहूकारा पीलीभीत उत्तर प्रदेश 262001	1. सम्पत्ति – I फैक्ट्री भूमि एवं भवन के सामिक बन्धक जो प्लॉट नंबर 676 और 678 पकड़िया नौगांवा, पीलीभीत में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 2918.85 वर्ग मीटर है यह सम्पत्ति श्री आलोक चंद्र अग्रवाल एवं श्री पंकज अग्रवाल पुत्र स्वर्गीय श्री रमेश चंद्र अग्रवाल के नाम पर है (यह प्रॉपर्टी उन्हें माननीय सिविल जज सीनियर डिवीजन, पीलीभीत के आदेश से ट्रांसफर की गई थी)। हमारे पैनल में शामिल वैल्यूअर आर्किटेक्ट गौरव अग्रवाल ने 21.07.2025 को इसका आकलन किया था। **मार्केट वैल्यू :** **रुपये 820.38 लाख** **बेचने पर मिलने वाली कीमत (रिलाइजेवल वैल्यू) :** **रुपये 697.32 लाख** **सम्पत्ति की सीमाएं इस प्रकार हैं : पूरब** : आलोक चंद्र अग्रवाल का प्लॉट, **पश्चिम** : नौगांवा चौराहा से जे.पी. रोड आदि, **उत्तर** : एकता सरोवर एंव आदि, **दक्षिण** : राम निरंजन की सम्पत्ति 2. सम्पत्ति– II आवासीय मकान के सामिक बन्धक जो मकान नंबर 188 मोहल्ला साहूकारा, पीलीभीत पर स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 297.80 वर्ग मीटर है जो श्री पंकज अग्रवाल और श्री आलोक अग्रवाल के नाम पर है। **सम्पत्ति की सीमाएं इस प्रकार हैं : पूरब** : सड़क, **पश्चिम** : राम नाथ का मकान और मंदिर, **उत्तर** : चबूतरा और रास्ता, **दक्षिण** : श्री लाल बिहारी लाल का मकान 3. सम्पत्ति III व्यवसायिक सम्पत्ति के सामिक बन्धक प्लॉट नंबर – 674मि और 679, पकारिया नौगांव में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 899.26 वर्ग मीटर है जो श्री आलोक चंद्र अग्रवाल पुत्र श्री रमेश चंद्र अग्रवाल के नाम पर है सेल डीड नंबर 4050, दिनांक 12.05.2011 एसआर कार्यालय पीलीभीत में पंजीकृत। **सम्पत्ति की सीमाएं इस प्रकार हैं : पूरब** – दूधिया मंदिर रोड, **पश्चिम** – रमेश चंद्र की सम्पत्ति, **उत्तर** – एकता सरोवर पार्क, **दक्षिण** – रमेश चंद्र और अन्य की सम्पत्ति 4. सम्पत्ति–IV व्यवसायिक सम्पत्ति के सामिक बन्धक, जो प्लॉट नंबर 674 मि और 679, पकारिया नौगांव में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 899.93 वर्ग मीटर है जो श्री पंकज कुमार अग्रवाल पुत्र श्री रमेश चंद्र अग्रवाल के नाम पर है सेल डीड नंबर 4051, तारीख 12.05.2011 को एसआर कार्यालय पीलीभीत में पंजीकृत। **सम्पत्ति के सीमायें इस प्रकार हैं : पूरब** – दूधिया मंदिर रोड, **पश्चिम** – रमेश चंद्र की सम्पत्ति, **उत्तर** – मुकिर का बचा हुआ प्लॉट, **दक्षिण** – हरि सरन अग्रवाल का प्लॉट	रुपये 7,44,45,922.26 (सात करोड़ चवालीस लाख पैंतालीस हजार नौ सौ बाईस रुपये और छब्बीस पैसे) + बिना चुकाया गया ब्याज + उस पर लागू न किया ब्याज दिनांक 30.04.2026 से प्रभावी + कानूनी और अन्य शुल्क।	12.11.2026 समय दोपहर 2.00 बजे से 06.00 बजे तक	रुपये 10,98,37,500.00/- (आरक्षित मूल्य) रुपये 1,09,83,750.00/- (ईएमडी) रुपये 10,000 (बोली वृद्धि राशि)	सांकेतिक	05.11.2026 से 07.11.2026 के बीच प्रातः 10:00 से सायं 04:00 बजे तक

विक्रय की विस्तृत नियम व शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट लिंक **www.bankofbaroda.in/e-auction.htm** एवं ऑनलाइन नीलामी पोर्टल **website : https://baanknet.com** देखें। संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से **मोबाइल 8477009742** पर संपर्क कर सकते हैं।

दिनांक : 06.10.2026 स्थान : पीलीभीत प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा